# गहलोत समर्थक अवाना बोले, ''बीजेपी से गुर्जर विधायक नहीं जीतने का समाज को हुआ नुकसान''

## जवाब में गुर्जर नेता हिम्मत सिंह ने कहा, ''गुर्जर समाज के त्याग, बलिदान और संघर्ष से देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष बनकर बीजेपी की पैरवी की, यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है''

- 2018 विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के जहां सात गुर्जर विधायक जीते, वहीं भाजपा के आठों उम्मीदवारों को मिली थी हार
- वहीं कहा जाता है कि पूर्वी, दक्षिण राजस्थान में भी गुर्जर समाज के साथ मीणा समाज ने कांग्रेस के पक्ष में की थी वोटिंग, जिससे बनी कांग्रेस की सरकार

**जयपुर/भरतपुर**, (का.प्र.)। बसपा से जीतकर कांग्रेस में आए देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष जोगिंदर अवाना के बयान पर गुर्जर समाज में विरोध हो रहा है। विरोध के स्वर बुलंद करते हुए गुर्जर नेता हिम्मत सिंह ने विरोध जताते हुए कहा कि बीजेपी राज में गुर्जर आरक्षण आंदोलन में 74 गुर्जर युवाओं को गोली मार कर शहीद कर दिया। हज़ारों पर मुक़दमे और हमारे पर देशद्रोह और राजद्रोह जैसी संगीन धाराओं में मुक़दमे दर्ज किए किए। गुर्जर समाज के त्याग, बलिदान और संघर्ष से बने देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष ने उस बीजेपी की पैरवी की, यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। अवाना कांग्रेस पार्टी की विचारधारा के खिलाफ है, मुख्यमंत्री और कांग्रेस पार्टी को इस पर एक्शन लेना चाहिए।

उल्लेखनीय है कि नदबई से बसपा से जीतकर कांग्रेस में आए विधायक और देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष जोगिन्दर सिंह अवाना ने एक कार्यक्रम में भाजपा में एक भी गुर्जर विधायक नहीं होने का दुख जताते हुए कहा था कि बीजेपी से गुर्जर समाज का एक भी विधायक नहीं जीतने का समाज को नुकसान हुआ है। गुर्जर समाज ने बीजेपी के सभी उमीदवारों को हरा दिया। दरअसल ऐसा कहकर जोगिंदर अवाना ने एक तरह से सचिन पायलट समर्थकों की उस बात पर मोहर लगाई है, जिसमें कहा जाता है कि पायलट की वजह से पूर्वी राजस्थान की अधिकांश सीटें कांग्रेस ने जीती क्योंकि गुर्जर और मीणा समाज ने मिलकर कांग्रेस को वोट दिया।

गुर्जर समाज समाज के कार्यक्रम में जोगिन्दर अवाना ने कहा कि जितने सिर आप राजस्थान की विधानसभा में गिना लोगे, उतनी ही हमारे समाज की पूछ हो जाएगी। बीजेपी ने गुर्जर समाज के लोगों को आठ टिकट दिए थे, आपने सबको क्लीन बोल्ड कर दिया। मैं तो पता नहीं कैसे जीत गया। मेरा नसीब अच्छा था कि मैं जीत गया। गुर्जर समाज के बीजेपी के सारे उम्मीदवार हारे। अवाना बोले कि राजस्थान में पहली बार ऐसा हुआ, जब बीजेपी से समाज का एक भी विधायक नहीं जीता। इस जीत का और जो आठ लोग हमारे लूज कर गए, उसका नुकसान मैं अभी बता रहा हूं। मैं बहुजन समाज पार्टी से जीता और सात लोग हमारे कांग्रेस से जीते।


हमने विधायक की शपथ ली, उस वक्त कर्नल बैसला साहब का आंदोलन चल रहा था। कर्नल साहब समाज के आरक्षण की मांग को लेकर दोबारा पटरियों पर बैठे थे। उस वक्त समाज के प्रोग्राम में लोगों को आश्वस्त करके आया कि आप सड़कों पर आवाज उठाइये। मैं विधानसभा में आवाज उठाउंगा।

प्रोग्राम में समाज के और भी थे। सबने समाज को आश्वस्त किया कि हम आरक्षण की मांग उठाएंगे, लेकिन दुर्भाग्य रहा कि विधानसभा में जब गुर्जर समाज की चर्चा चल रही थी, तब उनमें से एक ने भी आवाज नहीं उठाई। मेरे साथ 11 दूसरी जातियों के विधायकों ने गुर्जर आरक्षण के लिए आवाज उठाई। आधे घंटे राजस्थान की विधानसभा नहीं चलने दी। विधायकों की यही संख्या अगर दूसरे दलों में आप बढ़ा लेते तो आठ से 16 पहुंच जाती तो दोबारा आंदोलन की जरूरत नहीं पड़ती।

उल्लेखनीय है कि 2018 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने गुर्जर समाज के आठ नेताओं को विधायक उम्मीदवार बनाया, लेकिन सब चुनाव हार गए। बीजेपी ने 2018 में कोटा दक्षिण से प्रहलाद गुंजल, मांडल से कालूलाल गुर्जर, डीग सीट से जवाहर सिंह बेड़म, नगर सीट से अनिता सिंह गुर्जर, गंगापुर सीट से मानसिंह गुर्जर, देवली-उनियरा सीट से राजेंद्र गुर्जर, खेतड़ी से दाताराम गुर्जर, बाड़ी से जसवंत सिंह गुर्जर को उम्मीदवार बनाया था लेकिन सब चुनाव हार गए थे।

वहीं कांग्रेस ने गुर्जर समाज के 11 विधायक उम्मीदवार उतारे, उनमें से सात चुनाव जीते। वहीं बसपा से जीते जोगिनदर अवाना भी कांग्रेस शामिल हो गए। इस समय कांग्रेस से गुर्जर समाज के टोंक से सचिन पायलट, बूंदी से अशोक चांदना, बानसूर से शकुंतला रावत, विराटनगर से इंद्राज सिंह गुर्जर, बांदीकुई से जीआर खटाणा, खेतड़ी से जितेंद्र सिंह, बेगूं से राजेंद्र सिंह बिधूड़ी, नदबई से जोगिन्दर अवाना विधायक हैं।

# श्रद्धाभाव से मनाई गोपाष्टमी



**गोविंददेवजी मंदिर में महंत अंजन कुमार गोस्वामी सहित अन्य श्रद्धालुओं ने मंगलवार को गाय का पूजन किया।**

**जयपुर**, (का.सं.)। शहर भर में कार्तिक शुक्ल अष्टमी मंगलवार को गोपाष्टमी श्रद्धाभाव से मनाई गई। मंदिरों, गोशालाओं में गाय और बछड़ों का पूजन किया गया।

शहर के प्रजापति विहार, मानसरोवर स्थित चिन्ताहरण काले हनुमान मंदिर में महामंडलेश्वर मनोहरदास महाराज के सानिध्य में गोपाष्टमी पर गौ पूजन किया। इस मौके पर पावन पर्व स्वर्ण कपिला गऊमाता की पूजन व परिक्रमा लगाकर भक्तों, शिष्यों व राष्ट्र के विकास के लिए प्रार्थना की गई।

गोविंददेवजी मंदिर में महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में चांदी की गाय का पंचामृत अभिषेक कर पूजन किया गया। इसके बाद मंदिर परिसर में गाय का पूजन किया गया। इस मौके पर श्रीजी को केसरिया रंग की नटवर पोशाक धारण कराई गई। सांगानेर की पिंजरापोल गोशाला में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने गो पूजन किया। शाम छह से रात्रि 11 बजे तक गोपाष्टमी मेले का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु मेले में पहुंचे। यहां गोबर से गोवर्धन पर्वत की झांकी सजाई गई। दुर्गापुरा गोशाला में भी गोपाष्टमी पर सुबह से रात तक गोसेवा का सिलसिला चला।

# प्रदेश में लगातार दूसरे दिन भी करोना से एक और मरीज की मौत

## राज्य में मंगलवार को 56 नए संक्रमित मिले हैं, वहीं करौली में एक मरीज की मौत हुई है

- पिछले चौबीस घंटों में जयपुर में 19 नए रोगी सामने आए हैं।

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। प्रदेश में मंगलवार को 56 नए करोना संक्रमित मिले हैं। वहीं इस बीच केवल 13 मरीज ठीक होने से एक्टिव केस बढ़कर तीन सौ से अधिक हो गए हैं। राज्य में लगातार दूसरे दिन भी करोना से एक और संक्रमित की मौत हुई है।

प्रदेश में मंगलवार को करोना संक्रमण के मामलों में थोड़ी वृद्धि हुई है। इस दौरान राज्य के 11 जिलों में 56 नए संक्रमित मिले हैं। इससे पहले सोमवार को 32 रोगी पाए गए थे। इधर आज भी सबसे ज्यादा 19 नए मरीज जयपुर में सामने आए हैं। इसके अलावा जोधपुर व राजसमंद में 7-7, सीकर में 6, अजमेर व कोटा में 4-4, दौसा में 3, अलवर व बीकानेर में 2-2 तथा चित्तौड़गढ़ और करौली में एक-एक नया संक्रमित मिला है। इस बीच राज्य में 6565 जांचे की गई है। प्रदेश में मंगलवार को एक बार फिर रिकवरी में कमी आई है। इस दौरान केवल 13 ही मरीजों के ठीक होने से एक्टिव केस बढ़कर 317 हो गए हैं। वहीं राजधानी जयपुर में भी 6 मरीजों के रिकवर होने से एक्टिव केस बढ़कर 141 हो गए हैं।

प्रदेश में एक बार फिर करोना से होने वाली मौतों का सिलसिला शुरू हो गया है। मंगलवार को करौली में इस बीमारी से एक मरीज की मौत हुई है। राज्य में अब तक इस बीमारी से 9646 लोग अपनी जान गंवा चुके हैं।

राजधानी जयपुर में मंगलवार को 14 स्थानों नए मरीज मिले हैं। इनमें जगतपुरा, मानसरोवर व झोटवाड़ा में 2-2 तथा चांदपोल, चौमूं, गोपालपुरा, जामडोली, जौहरी बाजार, मानसरोवर, निर्माण नगर, पुरानी बस्ती, रेलवे स्टेशन, सांगानेर और सुभाष चौक इलाके में 1-1 नया संक्रमित मिला है। वहीं 3 मरीज का पता सही नहीं पाया गया है।



**राज्यपाल कलराज मिश्र से मंगलवार को राजभवन में गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड धारक एथलीट सूफिया ने शिष्टाचार मुलाकात की। राज्यपाल ने इस दौरान उन्हें उज्ज्वल भविष्य और उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी।**

# क्यों नहीं दी जजों को सुरक्षा : हाईकोर्ट

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने न्यायिक अधिकारियों को कोर्ट परिसर और आवास स्थल पर सुरक्षा नहीं देने के मामले में लापरवाही बरतने पर नाराजगी जताई है। इसके साथ ही अदालत ने दस नवंबर को एसीएस गृह, डीजीपी और प्रमुख विधि सचिव को पेश होने के आदेश दिए हैं। सीजे पंकज मित्थल और जस्टिस समीर जैन की खंडपीठ ने यह आदेश प्रकरण में लिए स्वप्रेरित प्रसंज्ञान पर सुनवाई करते हुए दिए। अदालत ने तीनों अधिकारियों से पूछा है कि तीन साल पहले हाईकोर्ट की ओर से आदेश देने के बाद भी न्यायिक अधिकारियों को अब तक पर्याप्त सुरक्षा मुहैया क्यों नहीं कराई। अदालत ने मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा कि हम नहीं चाहते की न्यायिक अधिकारियों को जेड प्लस सुरक्षा मिले, लेकिन उनके काम को देखते हुए उचित सुरक्षा मिलनी ही चाहिए।

अदालत ने अपने आदेश में नौ जुलाई 2017 को एक मामले में दिए आदेश का हवाला देते हुए कहा कि अदालत ने निचली अदालतों के पीठासीन अधिकारियों की सुरक्षा के इंतजाम करने को कहा था। इसके तहत तत्काल जिला एवं सत्र न्यायाधीशों के आवास पर सुरक्षाकर्मी तैनात करने के साथ ही अन्य न्यायिक अधिकारियों के लिए उचित सुरक्षा इंतेजाम करने थे, लेकिन तीन साल बीतने के बाद भी आदेश की पालना नहीं की गई।

# आरपीए व पुलिस मुख्यालय में डीजीपी लाठर की विदाई कल

- गुरूवार दोपहर को नये डीजीपी उमेश मिश्रा लेंगे चार्ज

**जयपुर**,(कासं)। राज्य के पुलिस महानिदेशक एमएल लाठर को गुरूवार को आरपीए और पुलिस मुख्यालय से विदाई दी जाएगी। डीजीपी के प्रोटोकॉल के लेकर तैयारी पूरी कर ली गई हैं। दोपहर बाद नए डीजीपी उमेश मिश्रा की कार्यभार संभालेंगे।

पुलिस मुख्यालय में पारम्परिक पुलिस पम्पराओं के अनुसार विदाई कार्यक्रम रखा गया हैं। सुबह साढ़े 8 बजे राजस्थान पुलिस अकादमी में एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया जाएगा हैं। आरपीए डायरेक्टर राजीव शर्मा ने बताया कि इस मौके पर सेरेमोनियल परेड का आयोजन किया जाएगा। जयपुर स्थित चौथी एवं पांचवीं बटालियन आरएसी, हाडीरानी महिला बटालियन, पुलिस आयुक्तालय जयपुर, यातायात पुलिस, जयपुर ग्रामीण तथा ईआरटी की टुकड़ियां सेन्ट्रल बैण्ड की मधुर स्वर लहरियों के साथ कदम से कदम मिलाकर लाठर को सलामी देगी। इस परेड के परेड कमाण्डर आईपीएस मनीष चौधरी होंगे। लाठर को पुलिस परम्पराओं के अनुसार घुड़सवार पुलिस और मोटर साईकिल राईडर्स द्वारा सम्मानपूर्वक स्टेडियम तक लाया जाएगा।

एडीजी लॉ एंड ऑर्डर हवासिंह घुमरिया ने बताया कि नए डीजीपी उमेश मिश्रा को उनके आवास से पुलिस मुख्यालय तक पायलट जीप, मोटर साइकिल आउटराइडर्स द्वारा लाया जाएगा। इस मौके पर डीसीपी ईस्ट राजीव पचार उन्हे एस्कॉर्ट करेंगे। डीजीपी मिश्रा के परिवार के सदस्यों को डीसीपी वेस्ट वंदिता राणा आवास से पीएचक्यू तक लाएंगी। मिश्रा दोपहर 2.20 पर पीएचक्यू पहुंचेंगे। पुलिस मुख्यालय में चतुर्थ बटालियन आरएसी के कमांडेंट राजेन्द्र कुमार द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया जाएगा। दोपहर 2.30 बजे डीजीपी कार्यालय में कार्यभार सौंपने व संभालने का कार्यक्रम होगा। डीजीपी लाठर दोपहर 2.45 बजे हाई टी के लिए सामने लॉन में एकत्रित अधिकारियों से मिलेंगे व संबोधित करेंगे। दोपहर 3.15 बजे गार्ड द्वारा लाठर को गार्ड ऑफ ऑनर दिया जाएगा। जिसके बाद पारंपरिक तरीके से डीजीपी लाठर की विदाई होगी। इस दौरान प्रोटोकॉल के तहत डीसीपी (ट्रैफिक)प्रह्लाद कृष्णिया लाठर को उनके आवास तक लेकर जाएंगे।

# एडीजे भर्ती विवाद के लिए जजों की कमेटी गठित

**जयपुर** (का.सं.)। राजस्थान हाइकोर्ट प्रशासन ने एडीजे भर्ती-2020 की लिखित परीक्षा के परिणाम को लेकर हुए विवाद के निस्तारण के लिए तीन जजों की कमेटी बनाई है। कमेटी विवाद के निस्तारण के लिए अपने सुझाव देगी। वहीं तीनों बार एसोसिएशन की ओर से भी वार्ता के लिए हाइकोर्ट बार एसोसिएशन के महासचिव गिर्राज शर्मा सहित तीन वकीलों को अधिकृत किया है। हाइकोर्ट प्रशासन ने जस्टिस एमएम श्रीवास्तव, जस्टिस पीएस भाटी और जस्टिस इंद्रजीत सिंह की कमेटी गठित करते हुए विवाद के निस्तारण के लिए सुझाव मांगे हैं।

गौरतलब है कि हाईकोर्ट प्रशासन ने एडीजे भर्ती में न्यायिक कोटे की 16 सीटों और वकील कोटे की 85 सीटों के लिए हाल ही में लिखित परीक्षा आयोजित की थी।

# 'सोलर योजना का लाभ देने के विशेष प्रयास करें'

**जयपुर**, (का.सं.)। प्रमुख शासन सचिव ऊर्जा एवं अध्यक्ष डिस्कॉम्स भास्कर.ए.सावंत ने सोमवार को वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से सौर कृषि आजीविका योजना के पोर्टल के शुरू होने के बाद अब तक हुई प्रगति की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में जयपुर डिस्कॉम के प्रबन्ध निदेशक अजीत कुमार सक्सैना,अजमेर डिस्कॉम के प्रबंध निदेशक एन. एस. निर्वाण,जोधपुर डिस्कॉम के प्रबंध निदेशक प्रमोद टांक और तीनों डिस्कॉम के मुख्य अभियन्ता एवं अधीक्षण अभियन्ता उपस्थित रहे।

प्रमुख शासन सचिव ऊर्जा एवं अध्यक्ष डिस्कॉम्स भास्कर.ए.सावंत ने सर्किलवार अधीक्षण अभियन्ताओं से योजना की प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिए कि इस योजना का प्रदेश के किसानों को अधिक से अधिक लाभ दिलाने के लिए सभी अभियन्ता समन्वय से कार्य करते हुए विशेष प्रयास करें। इस योजना के तहत स्थापित होने वाले सौर ऊर्जा संयत्रों से सबसे बड़ा लाभ यह होगा कि इनसे उत्पादित होने वाली बिजली आस-पास के क्षेत्र के किसानों को ही मिलेगी और उनको दिन के समय कृषि कार्य के लिए पर्याप्त बिजली उपलब्ध हो सकेगी।

# 'सरकार बड़े-बड़े विज्ञापन देकर कर रही है गुमराह'

- प्रदेशभर के 879 खरीद केन्द्रों में से कुछ ही खरीद केन्द्रों पर खरीदी जा रही किसानों की फसल : ओ.पी.यादव

**जयपुर**। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री ओ.पी. यादव ने जिला स्तर पर मोर्चा के जिलाध्यक्षों से राज्य सरकार द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर किसानों की उपज की खरीद शुरू करने के बाबत् प्रत्येक जिले से विस्तृत जानकारी ली।

यादव ने बताया कि कांग्रेस सरकार ने दूरदर्शन एवं समाचार पत्रों में विज्ञापन देकर खरीद केन्द्रों पर किसानों की फसल खरीदने की बात कही जा रही है, परन्तु जिला स्तर पर भौतिक जानकारी लेने के पश्चात पता लगा है कि प्रदेशभर के 879 खरीद केन्द्रों में से कुछ ही खरीद केन्द्रों पर किसानों की फसल खरीदी जा रही है। जबकि अधिकतर केन्द्रों पर ताला लगा हुआ है एवं कई खरीद केन्द्रों पर किसानों को कहा जा रहा है कि 4 नवम्बर को खरीदी होगी या फिर खरीद केन्द्र से कर्मचारी नदारद ह लीज बंद हुई थी, तब जीएसटी भी नहीं थी, वहीं अब तो पंजीयन शुल्क भी सरकार वसूल रही है और डेड रेंट भी सरकार ने डबल कर दिया है। इन्हीं नेताओं ने खातेदारी लीज धारकों को पहले ब्लैकमेल किया और जब वह इनके चक्कर में नहीं आए तो सुप्रीम कोर्ट में जाकर लीजे बंद करा दी। अब यह कथित नेता नदियों में चल रहे वैध खनन को भी रुकवाना चाहते हैं, ताकि लीज धारकों से वसूली हो सके। साथ ही यह चाहते हैं कि यह वैध बजरी खनन बंद हो जाए तो फिर से अवैध बजरी का धंधा चलाया जा सके।

# श्री वीर तेजाजी किसान कल्याण बोर्ड के गठन की मांग

**जयपुर**, (का.प्र.)। राजस्थान सरकार में इस बार कई जातिगत निगम ,बोर्ड के गठन के बाद अब प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने श्री वीर तेजाजी किसान कल्याण बोर्ड के गठन की मांग उठाई है।

# खाद्यान्न वितरण की अवधि बढ़ी

**जयपुर**, (का.सं.)। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में अक्टूबर के पेटे आवंटित खाद्यान्न के वितरण की अवधि 7 नवम्बर तक बढ़ा दी है। उल्लेखनीय है कि खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत आवंटित खाद्यान्न 31 अक्टूबर तक वितरण किया जाना था,लेकिन जिला रसद अधिकारियों द्वारा विभाग के संज्ञान में लाया गया कि माह के अन्त में पोस मशीनों में सॉफ्टवेयर अपडेशन के दौरान आई तकनीकी समस्या के कारण 31 अक्टूबर तक सम्पूर्ण खाद्यान्न का वितरण नहीं किया जा सका है। इन परिस्थितियों को देखते हुए विभाग द्वारा सभी लाभार्थियों को खाद्यान्न का वितरण हो सके। इसके लिए राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत अक्टूबर माह के पेटे आवंटित खाद्यान्न वितरण की अवधि 7 नवम्बर तक बढ़ाई गई है।

# प्रारंभिक शिक्षा डिप्लोमा में प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित

**जयपुर**, (का.सं.)। प्रारंभिक शिक्षा की कक्षाओं में अध्यापन के लिए आवश्यक दो वर्ष के डिप्लोमा कोर्स, डिप्लोमा इन एलिमेन्ट्री एजुकेशन में प्रवेश के लिए आयोजित हुई परीक्षा का परिणाम मंगलवार को शिक्षा संकुल परिसर में डॉ. मोहन लाल यादव, राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, द्वारा घोषित किया गया।

इस डिप्लोमा कोर्स को पूर्ण करने वाले व्यक्ति प्रारंभिक शिक्षा की कक्षाओं में अध्यापन कर सकते हैं। इस द्विवर्षीय डिप्लोमा कोर्स में प्रवेश के लिए राज्य स्तर पर प्री.डी.एल.एड परीक्षा के नाम से प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाती है। ऑनलाइन काउन्सलिंग के माध्यम से सफल अभ्यर्थियों को डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित करने वाली संस्थाओं में प्रवेश मिलता है।

वर्ष 2022 की इस परीक्षा का आयोजन 8 अक्टूबर को किया गया था। परीक्षा में कुल 5,99,294 परीक्षार्थियों ने आवेदन किया था जिनमें से 5,33,988 परीक्षार्थियों ने राज्य भर में 2590 परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा दी। गत वर्ष इस प्रवेश परीक्षा के माध्यम से राज्य भर के 372 राजकीय एवं निजी संस्थानों की 25420 सीट्स पर प्रवेश दिया गया। मंगलवार को घोषित किये गये परिणाम में डी.एल.एड सामान्य पाठ्यक्रम के लिए अभ्यर्थी रामदेव ने तथा डी.एल.एड. संस्कृत पाठ्यक्रम में अभ्यर्थी वेदिका जैन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

डॉ. मोहन लाल यादव, राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, ने कहा कि इस परीक्षा में सफल अभ्यर्थी भविष्य में प्रारंभिक शिक्षा में अध्यापक लेवल प्रथम में चयनित होकर विद्यार्थियों की प्रारम्भिक शिक्षा की नींव तैयार करवाते हैं।

गौरव अग्रवाल, निदेशक प्रारम्भिक एवं माध्यमिक शिक्षा ने समस्त परीक्षार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं एवं इस परीक्षा के आयोजन से जुड़े पंजीयक, शिक्षा विभागीय परीक्षाएं राजस्थान, बीकानेर कार्यालय के समस्त अधिकारियों एवं कार्मिकों को परीक्षा के सफल आयोजन के लिए बधाई दी। समन्वयक नीरू भारद्वाज ने बताया कि जल्द ही ऑनलाइन काउन्सलिंग की प्रक्रिया पोर्टल के माध्यम से प्रारम्भ कर दी जायेगी।

# आमेर में जेडीए की जमीन पर फार्म हाऊस योजना विकसित करने के निर्देश

**जयपुर**, (का.सं.)। जयपुर विकास आयुक्त रवि जैन की अध्यक्षता में मंगलवार को जेडीए के मंथन सभागार में पी.डब्ल्यू.सी. की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जेडीए के जोन-2 में नगर निगम क्षेत्राधिकार की 60 फीट एवं इससे चौड़ी सड़कों के सड़क नवीनीकरण एवं मरम्मतीकरण हेतु 3.12 करोड़ की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की गई। एयरपोर्ट रोड से हल्दीघाटी मार्ग (मौसम विभाग रोड) 160 फीट चौड़ी सडक सुदृढीकरण एवं नवीनीकरण हेतु 4.94 की संशोधित प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की गई।

बैठक में जेडीए क्षेत्राधिकार में विभिन्न स्थानों पर स्थापित हाई प्रेशर सोडियम वेपर स्ट्रीट लाईट्स और सामान्य एल.ई.डी. लाइटिंग सिस्टम स्ट्रीट लाईट्स को एनबी से टी आधारित एल.ई.डी. स्मार्ट लाइटिंग सिस्टम से बदलने हेतु 12.15 करोड़ की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की गई। जेडीए द्वारा सोडाला एलिवेटेड रोड की तरह ही सोडाला चौराहे से अजमेर रोड तक अजमेर एलिवेटेड रोड के पिलर नं. 1 से 68 तक फसाड लाईटिंग किये जाने हेतु 8.63 करोड़ की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की गई।

बैठक में जोन-12 में ग्राम नारी का बास तहसील जयपुर में नवीन योजना सृजित करने का अनुमोदन किया गया। जोन-13 में ग्राम काट तहसील आमेर में जेडीए स्वामित्व की भूमि पर फार्म हाउस योजना को विकसित करने के निर्देश दिये। जोन-2 में विद्याधर नगर योजना के सेक्टर - 4 में तीन संस्थानिक भूखण्डों के पुनर्गठन किये जाने का अनुमोदन किया गया।

बैठक में जेडीए सचिव उज्ज्वल राठौड, निदेशक अभियांत्रिकी - प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ, निदेशक आयोजना, निदेशक वित्त, संबंधित उपायुक्तगण, अतिरिक्त मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता एवं अधिषाषी अभियंता उपस्थित थे।




**जयपुर विकास आयुक्त रवि जैन की अध्यक्षता में मंगलवार को जेडीए के मंथन सभागार में पी.डब्ल्यू.सी. की बैठक आयोजित की गई।**

# दुष्कर्म करने वाले युवक को सजा

जयपुर, (का.सं.)। पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत क्रम-3 महानगर प्रथम ने नाबालिग का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त राहुल सिंह को बीस साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने अभियुक्त पर डेढ लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

अदालत ने अपने आदेश में कहा कि नाबालिग की सहमति कानून में कोई महत्व नहीं रखती है। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक ने अदालत को बताया कि मामले में 16 वर्षीय पीड़िता के पिता ने दस जुलाई 2021 को मालपुरा गेट थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में कहा गया कि उसके मकान मालिक की कपडे की फैक्ट्री में काम करने वाला अभियुक्त उसकी नाबालिग बेटी को बहला फुसला कर ले गया है।

# युवाओं को मिले गुणवत्तापूर्ण कौशल प्रशिक्षण : चांदना

**जयपुर**, (का.सं.)। कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता राज्य मंत्री अशोक चांदना ने युवाओं को गुणवत्तापूर्ण कौशल प्रशिक्षण देने पर जोर देते हुए कहा कि जो ट्रेनिंग पार्टनर अच्छा कार्य कर रहे हैं, उनके लक्ष्य बढ़ाएं ताकि उन्हें प्रोत्साहन मिले और बेहतर नतीजे सामने आएं। चांदना मंगलवार को यहां शासन सचिवालय में विभागीय अधिकारियों के साथ राजस्थान कौशल एवं आजीविका विकास निगम (आर.एस.एल.डी.सी.), औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आई.टी.आई.) एवं रोजगार विभाग की समीक्षा कर रहे थे।

चांदना ने आर.एस.एल.डी.सी. अधिकारियों को त्वरित निर्णय लेते हुए लम्बित प्रकरणों का निस्तारण करने के निर्देश दिए।

# अक्टूबर में राज्य में हुआ अब तक का सबसे अधिक जी.एस.टी. संग्रहण

जयपुर, (का.सं.)। वाणिज्यिक कर विभाग के मुख्य आयुक्त रवि कुमार सुरपुर ने बताया कि राजस्थान सरकार द्वारा माह अक्टूबर-2022 में कुल 3370.51 करोड़ रूपये के शुद्ध जी.एस.टी. राजस्व का अर्जन किया गया है जिसमें से 1228.88 करोड़ रूपये एस.जी.एस.टी. का नगद संग्रहण एवं 2141.63 करोड़ रूपये का आई.जी.एस.टी. भुगतान शामिल है। जो कि जी.एस.टी. लागू होने के बाद राज्य द्वारा संग्रहित अब तक का अधिकतम जी.एस.टी. राजस्व है तथा यह दूसरी बार है जब राज्य द्वारा जी.एस.टी. राजस्व संग्रहण में 3000 करोड़ रू. का आंकड़ा पार किया।